# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

## वीरवार, 03 सितम्बर, 2026/12, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 3**

----

### ड्रेजिंग / माइनिंग

***3920 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कुल्लू जिला से होकर बहने वाली ब्यास नदी व बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बहने वाली इसकी सहायक खड्डों में ड्रेजिंग एवं माइनिंग हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं व क्या सरकार ने इस हेतु कोई नीति बनाई है; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक के कार्यों का विवरण, संलग्न एजेंसियां/ठेकेदार, स्वीकृत व व्ययित धनराशि तथा वर्षवार प्रगति रिपोर्ट का ब्यौरा दें?

----

### रोगी कल्याण समिति

***4055 श्री लोकेन्द्र कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक प्रदेश के सभी आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों में

कार्यरत रोगी कल्याण समिति को विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से कितनी शुद्ध आय प्राप्त हुई है; ब्यौरा आयुर्विज्ञान महाविद्यालयवार दें; और

(ख) इस अवधि में रोगी कल्याण समिति को प्राप्त आय में से कितनी धनराशि व्यय की गई तथा यह धनराशि किन-किन मदों एवं कार्यक्रमों पर व्यय की गई; ब्यौरा मदवार दें?

----

**जनसंकल्प सम्मेलन**

*4079 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
**श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 11 दिसम्बर, 2025 को सरकार द्वारा आयोजित जनसंकल्प सम्मेलन पर कितना व्यय हुआ; ब्यौरा क्रमवार दें;

(ख) हिमाचल पथ परिवहन निगम की इस कार्यक्रम हेतु कितनी बसें लगाई गई थीं डिपोवार ब्यौरा दें तथा निगम द्वारा सरकार को भेजे गए परिवहन शुल्क के पत्र की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) कितनी धनराशि का भुगतान किया जा चुका है, कितनी शेष है व शेष धनराशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.**
**31 अगस्त, 2026.**

**यशपाल शर्मा,**
**सचिव**